सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान

पिलानी(राजस्थान) 333031

सं. 35/29/2020-राभा

दिनांक – 6 जनवरी, 2025

कार्यालय ज्ञापन

विषय : संस्थान में विश्व हिंदी दिवस 2025 का आयोजन।

निदेशक, सीएसआईआर-सीरी के अनुमोदन से संस्थान में **विश्व हिंदी दिवस** मनाया जा रहा है। इस अवसर पर **सुप्रसिद्ध शिक्षाविद्, लेखक एवं प्रशासक डॉ राघव प्रकाश, निदेशक, परिष्कार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स**, जयपुर (राजस्थान) **मुख्य अतिथि** होंगे। **डॉ पी सी पंचारिया**, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी **कार्यक्रम की अध्यक्षता** करेंगे। मुख्य अतिथि द्वारा विश्व हिन्दी दिवस संबोधन / आमंत्रित व्याख्यान दिया जाएगा तथा संस्थान की **वार्षिक विज्ञान पत्रिका 'इलेक्ट्रॉनिक दर्पण- 2024' का विमोचन** भी किया जाएगा। विश्व हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में संस्थान में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों का विवरण निम्नवत है :

दिनांक	कार्यक्रम एवं समय	लक्षित दर्शक	स्थान
10 जनवरी, 2025 (शुक्रवार)	**हिंदी पुस्तक प्रदर्शनी** (अप. 3 से 5 बजे)	समस्त सीरी स्टाफ	ज्ञान संसाधन केंद्र (सीरी पुस्तकालय)
13 जनवरी, 2025 (सोमवार)	**विश्व हिंदी दिवस समारोह** प्रात: 11 बजे	समस्त सीरी स्टाफ	पुराना सभागार

संस्थान के प्रशासनिक, वैज्ञानिक एवं तकनीकी सहकर्मियों सहित एवं शोधार्थी एवं परियोजना सहायक तथा सभी हिंदी प्रेमी इन कार्यक्रमों में सादर आमंत्रित हैं। **विश्व हिंदी दिवस समारोह में सभी सहकर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य है।** अत: सभी कार्मिकों से अनुरोध है कि इन कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति/प्रतिभागिता सुनिश्चित करें।

जय शंकर 6/01/2025

(जय शंकर शरण)
प्रशासन नियंत्रक

प्रतिलिपि –

1. निदेशक कार्यालय
2. प्रशासन नियंत्रक
3. वित्त एवं लेखा नियंत्रक
4. रा.का.स. के सभी सदस्य
5. सभी विभागाध्यक्ष/अनुभागाध्यक्ष – कृपया इसे अपने अधीनस्थ सहकर्मियों की जानकारी में ला दें।
6. प्रमुख, पी एम ई – पीए सिस्टम/फोटोग्राफी/उद्घोषणा की व्यवस्था के लिए।
7. प्रभारी, एआईटीजी – का. ज्ञा. को संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करने एवं सभागार में आयोजन संबंधी अन्य आवश्यक व्यवस्था के लिए ।
8. डॉ विजय चटर्जी, वरिष्ठ वैज्ञानिक – जयपुर से मुख्य अतिथि को लाने एवं वापस ले जाने की व्यवस्था के लिए।
9. प्रभारी, ज्ञान संसाधन केंद्र – पुस्तक प्रदर्शनी के समग्र प्रबंधन एवं व्यवस्था के लिए
10. डॉ आर के सिंह – मुख्य समारोह में गुलदस्तों (04) की व्यवस्था के लिए ।
11. सुरक्षा अधिकारी/श्री किशन लाल – सभागार में स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था के लिए ।
12. सूचना पट्ट